Power Supply to Rural Areas

2820. SHRI BHUPINDER SINGH MANN: Will the Minister of POWER be pleaded to state:

(a) whether it is a fact that power supply to the rural areas is of poor quality characterised by low voltage, frequent trippings and regular fluctuations while electricity charges are as high as in other areas; and

(b) if so. the steps being taken by Government to ensure regular and smooth supply of electricity to rural areas at par with that in urban areas?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF POWER (SHRI P.V. RANGAYYA NAIDU): (a) and (b) Distribution of power to various consumers both in urban and rural areas in a state is regulated by the respective State Electricity Boards. The quality of power supply depends on the demand and availability of power and the infiastructural facilities created by the State Electricity Board. Tariffs for sale of electricity to the consumers arc fixed by th State Electricity Board, with the approval of the State Government concerned.

विद्युत क्षेत्र में निजी कम्पनियों को दी जाने वाली प्रति-गारंटियां

2821. **श्री राम जेठमलानी:** क्या **विद्युत** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार का ध्यान दिनांक 25 जुलाई, 1994 के "हिन्दु" में पावर: नो मोर काउंटर गारंटीज शीर्षक के अन्तर्गत प्रकाशित समाचार की ओर दिलाया गया है;

(ख) यदि हां, तो क्या यह सच है कि सरकार ने निजी क्षेत्र की किसी भी नई परियोजना को गारंटी न देने का निश्चय किया है;

(ग) यदि हां, तो उन परियोजनाओं की संख्या कितनी है जिन्हें अभी तक गारंटी दी जा चुकी है;

(घ) इन परियोजनाओं के नाम क्या-क्या है तथा प्रत्येक परियोजना के निर्माण की लागत तथा उत्पादन क्षमता कितनी होगी और उसकी समाप्ति के लिए क्या अधिकतम समय-सीमा निर्धारित की गई;

(ङ) क्या सरकार को इन परियोजनाओं की उस लागत के विषय में कोई जानकारी है, जिस पर इन परियोजनाओं द्वारा विद्युत का उत्पादन किए जाने की सम्भावना है; और

(च) यदि हां, तो वर्ष 1993-94 में प्रचलित मूल्यों के आधार पर प्रत्येक परियोजना के मामले में विद्युत उत्पादन की अनुमानित लागत कितनी-कितनी है?

विद्युत मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री पी०वी० रंगैया नायडु): (क) जी, हां।

(ख) जी, नहीं।

(ग) से (च) यद्यपि विदेशी निवेश के लिए सरकार द्वारा अनुमोदित सात विद्युत परियोजनाओं को काउण्टर गारंटी प्रदान करने हेतु सिद्धान्त रूप में निर्णय ले लिया गया है, लेकिन, अभी तक किसी कम्पनी को काउन्टर गारंटी प्रदान नहीं की गई है।

विद्युत उत्पादन की लागत

2822. **श्री राम जेठमलानी:** क्या **विद्युत** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि विद्युत का उत्पादन मुख्यतः जल, ताप तथा परमाणु क्षेत्रों में किया जाता है;

(ख) यदि हां, तो इनमें प्रत्येक क्षेत्र में वर्ष 1993-94 के दौरान विद्युत की कितनी मात्रा का उत्पादन किया गया तथा आठवीं पंचवर्षीय योजना के शेष तक क्षेत्र-वार विद्युत की कितनी मात्रा का उत्पादन होने की सम्भावना है;

(ग) क्या सरकार ने राष्ट्रीय स्तर पर इन क्षेत्रों से होने वाले विद्युत के उत्पादन की लागत का भी मूल्यांकन किया है, और

(घ) यदि हां, तो इन क्षेत्रों में राष्ट्रीय स्तर पर विद्युत उत्पादन की अनुमानित लागत कितनी है?

विद्युत मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री पी०वी० रंगैया नायडु): (क) जी, हां।